भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1730
(उत्तर देने की तारीख 13.03.2025)

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान द्वारा वैज्ञानिक अध्ययन

1730 डा. अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सीएसआईआर-केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान द्वारा महाराष्ट्र राज्य के नांदेड़ के स्थानीय स्वशासन के सहयोग से, भविष्य में यातायात वृद्धि की आशंका से निपटने और यातायात संबंधी समस्याओं के लिए दीर्घकालिक समाधान विकसित करने के लिए किए गए वैज्ञानिक अध्ययन के संबंध में मंत्रालय द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ख) क्या सीएसआईआर को इस मामले में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो किससे और उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान
(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक घटक प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआरआरआई) को नांदेड़ शहर के लिए यातायात संबंधी समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान विकसित करने तथा भविष्य में यातायात वृद्धि की आशंका से निपटने हेतु किसी वैज्ञानिक अध्ययन के लिए महाराष्ट्र राज्य की स्थानीय सरकार से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है । सीएसआईआर-सीआरआरआई महाराष्ट्र राज्य के नांदेड़ में यातायात संबंधी व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन करने हेतु स्थानीय सरकारी निकायों तथा महाराष्ट्र राज्य सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

(ख) जी हाँ, माननीय सांसद (राज्यसभा) डॉ. अजीत माधवराव गोपछड़े से एक ई-मेल प्राप्त हुआ है, जिसमें सीएसआईआर-सीआरआरआई से नांदेड़ शहर में भविष्य में यातायात वृद्धि की आशंका से निपटने हेतु वैज्ञानिक अध्ययन करने का अनुरोध किया गया है। सीएसआईआर ने पहले ही माननीय सांसद महोदय को अपना प्रत्युत्तर अवलोकनार्थ भेज दिया है।

******